PUBLICATION NAME :	Swadesh
EDITION :	Bhopal
DATE :	10/01/24
PAGE :	10

स्वदेश

एमएसएमई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का संचार विषय पर

डीआईआईआई का दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

एजेंसी .अहमदाबाद

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर आधारित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (आईसी अनुभाग) द्वारा समर्थित सम्मेलन का उद्घाटन मंगलवार को दक्षिण कोरिया के राजदूत चांग जे-बोक की उपस्थिति में किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मर्सी एपाओ, संयुक्त सचिव, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार रसना के चेयरमैन और सीआईआई टास्क फोर्स, अहमदाबाद के चेयरमैन पिरुज खंबाटा और ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला भी उद्घाटन के अवसर पर मौजूद थे। सम्मेलन ने प्रमुख हितधारकों, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाते हुए एमएसएमई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के प्रसार पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया।